भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3381
दिनांक 13 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

भारतीय पोषण कृषि कोष योजना

3381. डॉ॰ भारती प्रवीण पवारः
श्री दिनेश चन्द्र यादवः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारतीय पोषण कृषि कोष योजना शुरू की है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त योजना के अन्तर्गत बिहार जैसे पिछड़े राज्यों को प्रदान किए जाने वाले लाभों का ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त योजना के अन्तर्गत कितनी निधि स्वीकृत की गई है; और
(घ) यह देश भर में कुपोषण से निपटने के लिए किस प्रकार से ध्यान केन्द्रित करने में सक्षम बनाएगा तथा उक्त योजना के अन्तर्गत लक्षित/वांछित लाभार्थियों की संख्या कितनी है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी — महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (घ) : बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) के साथ मिलकर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 18 नवम्बर 2019 को नई दिल्ली में भारतीय पोषण कृषि कोष की घोषणा की थी। "भारतीय पोषण कृषि कोष" परियोजना में 2 घटक हैं – पोषण अभियान के अंतर्गत खाद्य एटलस का विकास तथा जन आंदोलन के लिए अच्छी प्रथाओं का प्रलेखन। कृषि – खाद्य एटलस तीन भागों – वर्तमान में उगाई जाने वाली फसलों, कृषि – पारिस्थितिकीय परिस्थितियों (मृदा, जैविक कार्बन की मात्रा, भू-जल की उपलब्धता आदि) वाले बिहार सहित देश के 127 कृषि जलवायु क्षेत्रों में विविध फसलों की रिपॉजिट्री तथा इस संबंध में मार्गदर्शन के रूप में काम करेगा कि आहार में विविधता एवं पोषण को बढ़ावा देने के लिए किसी खास जिले या ब्लॉक में फसलों की अधिक विविधता को किस तरह प्रोत्साहित किया जा सकता है। प्रायोगिक परियोजना में विविध डाटा स्रोत जैसे कि राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण, कृषि जनगणना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, इसरो के उन्नत व्यापक फिल्ड सेंसर तथा राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) के मॉडरेट रिजोलूशन इमेजिंग एस्पेक्ट्रो रेडियो मीटर शामिल हैं। यह परियोजना सामाजिक, स्वभाव तथा सांस्कृतिक प्रथाओं का भी प्रलेखन करती है जो स्वस्थ आहार की प्रथाओं को बढ़ावा देती हैं एवं सुदृढ़ करती हैं। बहुविषयक समूह के विशेषज्ञों की सहायता से आशावान प्रथाओं की पहचान तथा सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार के लिए उन क्षेत्रों में आबादी के समूहों के अनुरूप टूल किट का विकास भी इसका अंग है। इसके लिए अलग से कोई निधि अनुमोदित नहीं की गई है।

*****